जवाहर नवोदय विद्यालय, मानिकपुर, जिला-चित्रकूट (उ0प्र0)

अल्पकालीन निविदा सूचना वित्तीय वर्ष 2026-27

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस विद्यालय में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए अधोलिखित निविदाओं के अन्तर्गत सामानों की दरें निर्धारित करने हेतु पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित फर्मों से मोहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती हैं:-

1. खाद्य सामग्री 2. सब्जी एवं फल 3. दैनिक उपयोग सामग्री 4. बेकरी एवं मिष्ठान आदि 5. सी0सी0टी0वी0 कैमरों की ए0एम0सी0 एवं उपकरण 06. विद्यालय हेतु संविदा पर वाहन 07. स्टूडेण्ट स्टेशनरी एवं कार्यालय स्टेशनरी 08. छात्रों की बाल कटाई 09. छात्रों के यूनिफार्म की धुलाई एवं प्रेस कराई 10. टकशाप 11. विद्यार्थियों को परीक्षा दिलाने हेतु किराये पर बस

उपरोक्त हेतु इच्छुक निविदादाता जो उस संबंधित क्षेत्र में कार्य करते हैं, के निविदा फार्म प्राप्त करने हेतु अपनी फर्म के लेटर पैड पर लिखित रूप से जी0एस0टी0 पंजीयन प्रमाण-पत्र और आयकर विभाग द्वारा जारी वित्तीय वर्ष 2025-26 (आंकलन वर्ष 2026-27) आयकर रिटर्न की छाया प्रति संलग्न करते हुए विद्यालय कार्यालय से निविदा फार्म रू0 300/- मात्र नकद पृथक-पृथक निविदाओं हेतु जमा कर किसी भी कार्य दिवस में (प्रातः 09:00 बजे से सायं 04 बजे तक) प्रकाशन की तिथि से 10.06.2026 तक प्राप्त कर सकते हैं (जो वापस नहीं होगा) सभी निविदा प्रपत्र/सूचना, इस विद्यालय की वेबसाइट : www.navodaya.gov.in/nvs/nvs-school/CHITRAKOOT/en/home/ पर भी उपलब्ध हैं- से डाउनलोड किये जा सकते है, जो फर्में निविदा प्रपत्र वेबसाइट से डाउनलोड करते हैं वे निविदादाता निविदा फॉर्म जमा करते समय निविदा प्रपत्र का शुल्क जमानत/धरोहर राशि के साथ सम्मिलित करते हुए मात्र डी0डी0/बैंकर्स चैक (ही मान्य है) या सीधे विद्यालय बैंक खाते में जमा करेंगे, यदि निविदा प्रपत्र के मूल्य को सम्मिलित नहीं करते हैं तो उनकी निविदा स्वतः निरस्त मानी जायेगी।

सभी इच्छुक निविदादाताओं को सूचित किया जाता है कि संबंधित वस्तुओं हेतु भरे हुए निविदा को अलग-अलग (जिस पर आवेदित वस्तु का नाम स्पष्ट शब्दों में लिखा होना चाहिए), सील बन्द निविदाएं पंजीकृत डाक अथवा विद्यालय में उपलब्ध निविदा बाक्स में दिनांक 12.06.2026 अपराहन 05 बजे तक प्राप्त होने पर ही स्वीकार की जायेंगी, देरी से प्राप्त होने वाली निविदा पर विचार नही किया जायेगा तथा सभी प्राप्त निविदाओं को अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक: 13.06.2026 को समय 11:00 बजे पूर्वाहन में क्रय सलाहकार समिति के समक्ष खोलकर निर्णय लिया जायेगा, निविदा खुलते समय निविदादाता उपस्थित रह सकते है।

नोट:- किसी भी निविदा को बिना कारण बताये आंशिक अथवा पूर्णरूपेण निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है।

प्राचार्य